यह निरीक्षण प्रतिवेदन **प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक काशीपुर उधमसिंह नगर** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार की गई है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय **प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक काशीपुर उधमसिंह नगर** के माह 06/2012 से 06/2018 तक के लेखा अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन श्री अजय त्यागी व श्री डी॰के॰ मट्टू सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 18/07/2018 से 21/07/2018 तक श्री राम सनेही लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

**<u>भाग-I</u>**

**परिचयात्मकः** इस इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा है। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 06/2012 से 06/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

1. (i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः छात्र / छात्राओ को तीन वर्षीय डिप्लोमा हेतु शिक्षण-प्रशिक्षण दिया जाना। संस्था काशीपुर रेलवे स्टेशन से 02 कि॰मी॰ कि दूरी पर है। जिला मुख्यालय से 54 किमी रामनगर रोड NH-74 ms 500 मीटर दूर मानपुर रोड़ पर स्थित है।

(ii) (अ) विगत तीन वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

**(रु में)**

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | स्थापना | | | गैर स्थापना | | | आधि. (+) | बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रा.शे. | आवंटन | व्यय | प्रा.शे. | आवंटन | व्यय | | |
| 1 | 2015-16 | - | 31580000 | 30624251 | - | 7303660 | 7234190 | - | 1025219 |
| 2 | 2015-16 | - | - | - | - | 495000 | 494477 | - | 523 |
| 3 | 2016-17 | - | 48325000 | 27576629 | - | 4382000 | 4253990 | | 20876381 |
| 4 | 2017-18 | - | 31016001 | 31004233 | - | 6865433 | 6794256 | | 82945 |
| 5 | 2018-19 (06/2018 तक) | 0 | 31700000 | 13089777 | - | 4790000 | 6795288 | | - |

**(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः**

| **वर्ष** | | | | **प्राप्त धनराशि** | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **HEAD OF ACCOUNT** | **BUDGET PROVISION** | **प्रा. शेष** | **आवंटन** | **व्यय** | **बचत** | **PLA/BANK** |
| 2015-16 | | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | NSS | 44500 | ----- | 43933 | 44457 | -524 | NIL |
| | COMMUNITY COLLEGE | --------- | 2686562 | 1950000 | 887300 | 3749262 | 3749262 |
| | CDTP SCHEME | --------- | 772582 | 818501 | 1022685 | 568405 | 568405 |
| 2016-17 | | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | NSS | 44500 | --------- | 44330 | 44470 | -140 | NIL |
| | COMMUNITY COLLEGE | ---------- | 3749262 | 1390674 | 2301051 | 2838885 | 2838885 |
| | CDTP SCHEME | ------------ | 568405 | 1319940 | 1032462 | 855883 | 855883 |
| 2017-18 | | 0 | | | 0 | | |
| | NSS | 44500 | --------- | ----------- | 44460 | -44460 | NIL |
| | COMMUNITY COLLEGE | ------- | 2838885 | 4027470 | 1885125 | 4981230 | 4981230 |
| | CDTP SCHEME | ------------ | 855883 | 915670 | 847424.5 | 924128.5 | 924128.5 |

(iii) इकाई को बजट आवंटन (स्रोत बताया जाय) द्वारा किया जाता है। गैर स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई का आवंटन स्रोत ,राज्य सरकार / भारत सरकार है ।

(iv) इकाई की श्रेणी “सी” है।

(v) विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत हैः

सचिव
↓
निदेशक
↓
प्रधानाचार्य
↓
प्रधान सहायक
↓
वरिष्ठ सहायक
↓
कनिष्ठ सहायक

(vi) **लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा में **प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक काशीपुर उधमसिंह नगर** की लेन देन की लेखापरीक्षा को आच्छादित किया गया है । समस्त स्वाधीन आहरण एवं वितरण अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक-पृथक जारी किये जा रहे है। यह निरीक्षण प्रतिवेदन **प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक काशीपुर उधमसिंह नगर** की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षो पर आधारित है। माह 06/2014 ,03/2016, एवं 03/2018 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया उक्त माहों का विस्तृत विश्लेषण किया गया। प्रतिचयन सर्वाधिक व्यय के आधार पर किया गया।

(vii) लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971) की धारा 13, लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

**भाग -2ब**

**प्रस्तर :-1 धनराशि ₹ 490500/- का समायोजन न होना |**

कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पोलिटेक्निक काशीपुर के लेखा अभिलेखो की लेखा परीक्षा जांच मे पाया कि राजकीय पोलिटेक्निक काशीपुर के निंम्नलिखित कर्मचारियो द्वारा अग्रिम की धनराशि का आहरण किया गया | जिसका समायोजन लेखापरीक्षा अवधि तक नहीं किया गया
जिसका विवरण निम्न है |

| **क्रमसंख्या** | **नाम पदनाम** | **अग्रिम की तिथि** | **धनराशि ₹** |
|---|---|---|---|
| **1.** | श्री विपिन कुमार वर्मा | 02-06-2012 | ₹ 15000/ |
| **2.** | प्रभुनाथ<br>H.O.D रा॰ पा॰खटीमा | | “04-09-2013 | ₹ 200000/ |
| **3.** | धर्मेंद्र प्रकाश<br>H.O.D रा॰ पा॰ बाजपुर | 04-09-2013 | ₹ 200000/ |
| **4.** | हरीश चंद जोशी स्टेनो | 07-04-2015 | ₹ 5000/ |
| **5.** | बाबूलाल (Lect.Ass) | 12-07 2017 | ₹ 3000/ |
| **6.** | राज कुमार(Lect.Assist) | 16-09-2017 | ₹ 5000/ |
| **7.** | एम ॰एस ,मनराल | 24-102017 | ₹ 20000/ |
| **8.** | एम ॰एस ,मनराल | 08-01-2018 | ₹10000/ |
| **9.** | बाबूलाल (Lect.Ass) | 16-09-2012 | ₹ 10000/ |
| **10.** | विपिन कुमार वर्मा | 17-02-2018 | ₹ 22500/ |
| | | **TOTAL** | **₹ 490500/** |

इस प्रकार संस्थान के कर्मचारियो द्वारा कुल धनराशि ₹ 490500/ माह 06/2012 से 02/2018 तक अग्रिम के रूप मे आहरण किया | वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियम 162 बिन्दु संख्या 7 के अनुसार अग्रिम के आहरण का समायोजन एक माह के अन्दर या वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक अग्रिम का समायोजन हो जाना चाहिय था| जो संप्रेक्षा अवधि तक नहीं किया जा सका| सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर विभाग ने अपने उत्तर मे बताया की बिल के अभाव मे समायोजन नहीं किया जा सका| बिल मगाने के उपरांत समायोजन कर लिया जाएगा| विभाग द्वारा दिया गया उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि विभाग द्वारा दिये गए अग्रिम के समायोजन हेतु अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गये थे |

अत: प्रकरण संज्ञान मे लाया जाता |

## <u>भाग-III</u>

### विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण :

| **निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या** | **भाग-II'अ' प्रस्तर संख्या** | **भाग-II'ब' प्रस्तर संख्या** | **अनुपूरक नमूना लेखापरीक्षाटिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| 36/2012-13 | - | 04 | 01 |
| योग | - | 04 | 01 |

### विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः

| निरीक्षण प्रतिवेदन सं० | प्रस्तरसंख्या लेखापरीक्षा | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 36/2012-13 शून्य | 04 | प्रस्तरों की अनुपालन आख्या उच्चाधिकारियों की संस्तुति के उपरान्त कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) को उपलब्ध करा दी जायेगी। | शून्य | शून्य |

# भाग-IV

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

“शून्य”

**<u>भाग-V</u>**

**<u>आभार</u>**

1. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु राजकीय पॉलीटैक्नीक,काशीपुर तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है। तथापि **लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः**

(i) शून्य

2. **सतत् अनियमितताएः**

(i) शून्य

3. **लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया**

| **क्रम सं0** | **नाम** | | **पदनाम** | **दिनांक** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री आर॰पी॰ गुप्ता | - | प्रधानाचार्य | 06-2012 से 08-2012 तक |
| 2. | श्री एस॰ के॰ वर्मा | - | प्रधानाचार्य | 09-2012 से 08-2017 तक |
| 3. | श्री डॉ॰ राजेश उपाध्याय | - | प्रधानाचार्य | 09-2017 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक काशीपुर उधमसिंह नगर** को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे वरिष्ठ उप महालेखाकार/उप महालेखाकार सामाजिक क्षेत्र को प्रेषित कर दी जाये।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**